पत्रांक...120...../पी0पी0ओ0

पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना ।

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- 13/09/2018

विषयः- निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-02/2018-19/पी0पी0ओ0 के प्रकाशन के संबंध में।

............

महोदय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-02/2018-19/पी0पी0ओ0 की प्रतियाँ भेजते हुए अनुरोध है कि इसे राज्य एवं राज्य के बाहर के प्रमुख समाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय साथ ही पी0आर0डी0 वेबसाईट पर भी प्रसारित करने की कृपा की जाय।

इस निविदा में वर्णित मदों का कुल अनुमानित मूल्य पच्चीस लाख रूपये से उपर होगा।

अनुलग्नकः- यथोपरि ।

विश्वासभाजन,

13/09/18

(कृष्ण मुरारी सिन्हा),
पुलिस अधीक्षक(वितंतु),
बिहार, पटना।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

प्रतिलिपिः-

1. पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन) बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचना को प्रकाशनार्थ संबंधित शाखा को निदेशित करने की कृपा की जाये।
2. आई0टी0 मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना की सी0डी0 निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ भेजने तथा PRD के website पर भी प्रसारित किया जाये।

13/09/18

पुलिस अधीक्षक(वितंतु),
बिहार, पटना।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

Scanned by CamScanner

## बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, बेली रोड, पटना

### निविदा सूचना संख्या- 02/2018-19/पी0पी0ओ0

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नामः- | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय,बिहार, पटना। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः- | पुलिस अधीक्षक(वितन्तु), बिहार, पटना। बिहार पुलिस रेडियो,मुख्यालय, राजवंशी नगर, बेली रोड,पटना। |
| 3. | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समयः- | निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक- 22.10.2018 के 1500 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति का स्थानः- | विज्ञापनदाता का कार्यालय, बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, राजबंशी नगर, पटना-800023 |
| 5. | निविदा खोलने की तिथिः- | दिनांक- 22.10.2018 को 1600 बजे। |
| 6. | मद का नामः- | (1) वितन्तु सेटों एवं सहायक यंत्रों के पार्ट-पूर्जे, ऐसेसरीज। |

(2) एन्टीना।

(3) मोटोरोला कम्पनी के निर्मित GP 338 वी0एच0एफ0 हैण्ड हेल्ड सेट के लिए ड्राईफिट बैट्री।

(4) PTP Radio VHF Higher Band रिपीटर के लिए माइक्रो ऐन्टीना।

(5) 12 भोल्ट ए0सी0 चार्जर के मरम्मति हेतु पार्ट-पुर्जे

(6) सुरक्षा उपकरण-यथा एच0एच0एम0डी0, डी0एफ0एम0डी0,डी0एस0एम0डी0,एन0एल0जे0डी0 , ड्रैगन/कमाण्डो लाईट तथा एन0भी0डी0 के पार्ट-पूर्जे, एसेसरीज एवं अन्य मिसलेनियस सामान। (इस निविदा द्वारा जिन सामानों के दर आमंत्रित किये जा रहे है उनकी विस्तृत सूची एवं तकनीकी विवरणी निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस को पी0पी0ओ0 शाखा, बिहार पुलिस रेडियो, टी0एक्स0 भवन, राजवंशी नगर, बेली रोड, पटना से प्राप्त किये जा सकते है। सूची में वर्णित सामानों का वित्तीय वर्ष-2018-19 के लिए दर एवं फर्म का निर्धारण किया जायेगा एवं जब-जब जिन सामानों की जितनी संख्या में आवश्यकता होगी तब-तब उन सामानों को अनुमोदित दर पर अनुमोदित फर्म से क्रय किया जायेगा।)

## निविदा के नियम एवं शर्त

(1) इस मद में निविदाएँ सिर्फ बिहार मे स्थित इकाईयों या राज्य के बाहर उत्पादनरत् इकाईयों के स्थानीय कारपोरेट कार्यालय/स्थानीय कार्यालय/विक्रेता/एजेण्ट/आपूर्तिकर्ता/प्राधिकृत डीलर के द्वारा ही दी जायेगी लेकिन सफल निविदादाताओं को कर्यादेश से पहले बिहार राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण का प्रमाण पत्र देना होगा। अधिकृत विक्रेता/प्राधिकृत डीलर या एजेण्ट को उनके उत्पादनकर्ता फर्म का प्राधिकार पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।

(2) निविदाकर्ता को बिहार वित्त नियमावली के नियम-131ञ के आलोक में दो बोली प्रणाली के तहत दो भागों में निविदा निम्नरूपेण देना होगा।

(क) तकनीकी भागः- जिसमें निम्न वर्णित वाणिज्यिक शर्तो एवं प्रतिबंधों के साथ सभी

Scanned by CamScanner

तकनीकी ब्यौरा शामिल रहेगा।

(ख) **वित्तीय भागः-** जिसमें तकनीकी भाग में शामिल की गयी इकाईयों को इकाईवार अलग-अलग मूल्य दर्शाया जायेगा।

(3) निविदा के तकनीकी भाग में निम्नलिखित अभिलेख संलग्न होने चाहियेः- (i) बिहार राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र (ii) पैन की छाया प्रति (iii) वित्तीय वर्ष-2015-16, 2016-17 एवं 2017-18 का आयकर रिटर्न, (iv) चार्टेड एकाउटेंट द्वारा तैयार किया गया निविदाकर्ता फर्म का ट्रेडिंग अकाउण्ट /प्रोफिट एण्ड लॉस अकाउण्ट एवं बैलेंस शीट का अभिप्रमाणित प्रति मुहर सहित, (v) निविदा में कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये पार्ट-पूर्जो की सूची में से जिन-जिन सामानों के दर वित्तीय भाग में दिये जा रहे है उनके नाम निविदा के तकनीकी भाग में संलग्न करना आवश्यक है। (vi) निविदाकर्ता को निविदा के तकनीकी भाग के साथ अद्यतन मूल शपथ प्रमाण पत्र (affidavit) समर्पित करना होगा जिसमें उल्लेख हो कि फर्म किसी भी सरकारी संस्था/अर्द्ध-सरकारी संस्था एवं किसी प्राईवेट एजेन्सी द्वारा black listed/debarred नहीं है एवं उक्त शपथ पत्र में यह भी अंकित हो कि निविदाकर्ता फर्म पर कोई जालसाजी, धोखाधड़ी आदि का अपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। (vii) निविदाकर्ता को निविदा के तकनीकी भाग में कौन-कौन से अनुलग्नक संलग्न किये गये है उसकी सूची का उल्लेख फर्म के लेटर पैड पर करना अनिवार्य होगा तथा यह भी प्रमाण पत्र देना होगा कि कि अनुलग्न सभी कागजात उनकी जानकारी के अनुसार सही है।

निविदा के इस भाग में फर्म द्वारा प्रस्तावित मद की तकनीकी विवरणी वाणिज्यिक शर्तो एवं प्रतिबंधों इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख निविदाकर्ता द्वारा किया जायेगा। दरों की वैद्यता 31 मार्च 2019 तक होगी। निविदित मद के लिए दी जाने वाली गारण्टी अवधि का भी उल्लेख निश्चित रूप से होना चाहिए।

(4) निविदा के वित्तीय भाग में, तकनीकी भाग में शामिल की गई मद का इकाईवार मूल्य निम्नलिखित ढंग से अंकित होगा - (क) प्रस्तावित मद का मूल्य प्रति इकाई (ख) देय जी0एस0टी0 (ग) दर एवं जी0एस0टी0 सहित नेट मूल्य प्रति इकाई अंकों एवं शब्दों में साफ-साफ अंकित रहना चाहिए। दरों में किसी प्रकार का कटिंग/ओभर राइटिंग मान्य नहीं होगा।

(5) तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अलग-अलग लिफाफों में सीलबंद होनी चाहिए एवं उनपर तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अंकित होनी चाहिए। दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर एवं सीलबंद कर इसपर निविदा एवं प्रकाशित निविदा की निविदा संख्या अंकित रहेगी। उसपर निविदाकर्ता अपना फर्म का नाम अंकित नहीं करेंगें। सीलबंद लिफाफा को उपरोक्त तिथि एवं समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया जायेगा।

(6) कार्यालय द्वारा निविदाकर्ता फर्म को उपलब्ध कराये गये सूची की कंडिका-G, H, I, J, एवं K में वर्णित सुरक्षा उपकरणों के लिए वांछित पार्ट-पुर्जे एवं उनके सहायक संयत्रों आदि की आपूर्ति हेतु निविदाकर्ता या तो विविध निर्माता फर्म हो अथवा निर्माता फर्म के अधीकृत विक्रेता हों।

(7) मदों की आपूर्ति बिहार पुलिस रेडियो, टी0एक्स0 भवन, बेली रोड, पटना में ली जायेगी। इसके लिए अलग से पैकिंग, Forwarding, Insurance अथवा भाड़ा देय नहीं है और न हीं अग्रिम भुगतान का कोई प्रावधान है।

**(8) दरों की बैद्यता पुरे वर्ष 2018-19 की होगी।** इन सामानों की आवश्यकता वितन्तु संगठन को **समय-समय पर पड़ती रहती है** अतएव इस निविदा आमंत्रण द्वारा इनका दर संविदा किया जायेगा **एवं वर्ष 2018-19 में जब-जब** जिन-जिन सामानों की जितनी संख्या में आवश्यकता होगी तब-तब **अनुमोदित दर पर अनुमोदित फर्म को** क्रयादेश दिया जायेगा। दरों में किसी तरह का संशोधन मान्य **नहीं होगा।**

**(9) निविदा के तकनीकी** भाग निर्धारित समय एवं तिथि को बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, **राजवंशी नगर, पटना में खोला** जायेगा। उक्त अवसर पर निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित **रह सकते है।**

**(10) आपूरित मद तब तक प्राप्त नहीं समझे** जायेंगे जब तक कि बिहार पुलिस रेडियो संगठन **द्वारा इनकी तकनीकी जाँचोपरान्त इन्हें स्वीकार नहीं कर लिया जाता है।**

**(11) विपत्रों की भुगतान की कार्रवाई आपूरित मदों को स्वीकार करने के बाद ही प्रारम्भ की जायेगी।**

Scanned by CamScanner

(12) उपरोक्त किसी भी वांछित सूचना एवं अभिलेखों को शर्तो के अनुसार वित्तीय भाग एवं तकनीकी भाग में उपलब्ध नहीं कराये जाने पर निविदा बिना विचार किये तत्क्षण रद्द कर दिये जायेंगे। तकनीकी भाग में समर्पित अभिलेखों के आधार पर वैद्य पाये जाने वाले निविदाकर्ताओं की ही वित्तीय भाग खोली जायेगी और इस संबंध में विज्ञापनदाता का निर्णय ही सभी फर्मो के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

अपर पुलिस महानिदेशक, एस0सी0आर0बी0, तकनीकी सेवायें एवं आधुनिकीकरण, बिहार, पटना को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये एवं बिना किसी सूचना के किसी भी समय निविदा को रद्द कर दें।

13/09/18

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

Scanned by CamScanner